एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

गदर, दामिनी, घायल का रीमेक बनाना चाहते हैं सन्नी देओल

गदर, दामिनी, घायल और घातक जैसी फिल्मों में बेहद मजबूत किरदार निभाने वाले सनी देओल इन दिनों अपनी फिल्म यमला पगला दीवाना: फिर से के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म के प्रमोशनल इंटरव्यू के दौरान सनी अपनी सफल फिल्मों के रीमेक बनने के सवाल पर कहते हैं, वैसे तो एक बार फिर से उन सफल फिल्मों को बनाना बेहद मुश्किल काम है, लेकिन सच पूछिए तो मेरी भी इच्छा होती है कि मैं अपनी फिल्मों के उन मजबूत किरदारों के साथ कुछ करूं।

घायल के रीमेक की भी चर्चा हो रही हैं?

जवाब में सनी कहते हैं, रीमेक की चर्चा तो होती ही रहती है। दरअसल मेरे फैन कहते हैं कि मैं अपनी सफल फिल्मों का रीमेक बनाऊं। कैरक्टर के हिसाब से देखा जाए तो मुझे भी अपनी कई फिल्में बहुत पसंद हैं, जिनका मैं रीमेक बनाना चाहता हूं, लेकिन उन फिल्मों को एक बार फिर से बनाना बेहद मुश्किल है।

अब गदर का रीमेक बनाना कितना मुश्किल होगा

सनी कहते हैं, अब गदर का रीमेक बनाना कितना मुश्किल होगा, जरा सोचिए। घायल का पार्ट 2 बनाया, लेकिन लोगों को पुराने घायल का किरदार ही चाहिए, उसे वह किसी भी तरह बदला हुआ नहीं देखना चाहते हैं। फिल्म दामिनी में जो मेरा गोविन्द का किरदार था, वह मुझे बहुत इंट्रेस्टिंग लगता है, उस पर जरूर कुछ हो सकता है।

सनी कहते हैं, देओल परिवार को एक साथ लेकर फिल्म बनाना आसान नहीं है। यमला पगला... जैसी फिल्म तो फिर भी हम बना सकते हैं, लेकिन 2007 में आई अपने जैसी फिल्म बनाना मुश्किल है। हम तीन ऐक्टर्स को एकसाथ जस्टिफाई करना आसान नहीं है।

शायद यमला पगला दीवाना 2 के दौरान लोगों की उम्मीद कम थी, इसी वजह से फिल्म फ्लॉप हो गई

सनी आगे कहते हैं, शायद यमला पगला दीवाना 2 के दौरान लोगों की उम्मीद कम थी, इसी वजह से फिल्म फ्लॉप हो गई। हमारी या किसी की भी कोशिश हमेशा यही रहती है कि फिल्म अच्छी बनें और लोगों को खूब पसंद आए। फिल्म बनाने में खूब समय, मेहनत और पैसा लगता है, फिल्म बनाना एक बड़े प्रॉजेक्ट की तरह होता है।

फिल्म बनाने का काम छिछोरापन तो होता नहीं है

अपनी बात समाप्त करते हुए सनी ने कहा, फिल्म बनाने का काम छिछोरापन तो होता नहीं है। समय, मेहनत और पैसा लगाने के बाद शुक्रवार को फिल्म की रिलीज़ पर दिल धड़कने लगता है, लगता है अब क्या होगा, दर्शकों को फिल्म पसंद आएगी या नहीं। हम यह भी समझते हैं कि हर बार आपकी मेहनत का फल मीठा होगा। कभी-कभी फिल्म अच्छी होने के बाद भी लोगों को पसंद नहीं आती है।

देओल्स की फिल्म यमला पगला दीवाना 31 अगस्त को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ के लिए तैयार है। फिल्म में देओल परिवार के अलावा सलमान खान, रेखा, शत्रुघ्न सिन्हा, सोनाक्षी सिन्हा और गिप्पी गरेवाल मेहमान कलाकार की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में जॉनी लीवर, असरानी, शरद सक्सेना और कृति खरबंदा अहम किरदारों में नजर आएंगे।

वरुण धवन ने सिल डाली पापा डेविड धवन के लिए शर्ट

वरुण धवन घर पर बेहद लाडले और बतौर ऐक्टर लाखों दिलों की धड़कन हैं। वरुण ने अपने पापा डेविड धवन को उनके बर्थडे पर स्पेशल गिफ्ट दिया है।

आपको जानकर हैरानी होगी कि वरुण धवन ने सिलाई का काम भी सीख लिया है और अपने पापा के लिए खुद शर्ट सिल डाली। डेविड धवन का बर्थडे 16 अगस्त को था और वरुण ने अपने डैड को हाथ से बनाई हुई शर्ट गिफ्ट की।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर दो दिन बाद यह विडियो शेयर किया। इसके साथ कैप्शन दिया है, ये श से शर्ट पापा को बड्डे का उपहार... बाकी बप्पा और पप्पा की वजह से सब बढ़िया है।

नवंबर में 'मोगुल' पर होगी मीटिंग

फिल्म में पैसे नहीं लगाएंगे आमिर खान,केवल कंटेंट मॉनिटर करेंगे



पिछले साल टी-सीरीज ने एक बायोपिक प्रोड्यूस करने की अनाउंसमेंट की थी। यह बायोपिक टी-सीरीज के फाउंडर गुलशन कुमार पर बेस्ड है जिसका नाम 'मोगुल' है। जब फिल्म की अनाउंसमेंट हुई थी तब अक्षय कुमार इसमें एक्टिंग करने वालेथे पर बाद में उन्होंने यह फिल्म छोड़ दी। इस बायोपिक से आमिर खान बतौर को-प्रोड्यूस जुड़े हुए हैं।

नवंबर में होगी मीटिंग: सुनने में आया है कि फिल्म को लेकर मेकर्स नवंबर में एक मीटिंग करेंगे। इस मीटिंग में फिल्म को लेकर कई मुख्य फैसले लिए जाएंगे। वैसे तो यह बैठक आमिर के छुट्टियों से लौटने के बाद हाल ही में होनी थी पर फिलहाल इसे टाल दिया गया है। दरअसल, आमिर इन दिनों 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' में इन्वॉल्व हैं और 'मोगुल' के डायरेक्टर सुभाष कपूर का भी रिसर्च वर्क बाकी है। इस बायोपिक की स्टोरी और स्क्रीनप्ले के ड्राफ्ट फाइनल होने में भी अभी कुछ वक्त लगेगा। लिहाजा आमिर और फिल्म के मेकर्स ने इस मीटिंग को नवंबर तक शिफ्ट कर दिया है।

सिर्फ कंटेंट मॉनिटर करेंगे आमिररूसूत्रों के मुताबिक आमिर इस फिल्म से सिर्फबतौर क्रिएटिव प्रोड्यूसर जुड़े रहेंगे। वे इसकी मेकिंग में पैसे नहीं लगाएंगे बल्कि इसका कंटेंट मॉनिटर करेंगे। भले ही यह मीटिंग टल गई है पर फिल्म की रिलीज डेट को लेकर मेकर्स मन बना चुके हैं। वे इसे क्रिसमस 2019 पर ही रिलीज करना चाहते हैं। आमिर आमतौर पर क्रिसमस के आस पास ही अपनी फिल्म रिलीज करते हैं। इस साल भले ही आमिर ने 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' के लिए दीपावली का टाइम चुना है।

वजह यह भी है कि इस साल क्रिसमस पर शाहरुख स्टारर 'जीरो' रिलीज होगी। बहरहाल, अगले साल क्रिसमस पर सलमान की 'किक 2' और फिरोज नाडियाडवाला की 'हेरा फेरी 3' भी रिलीज हो रही है। लिहाजा 'मोगुल' को तब सोलो रिलीज नहीं मिलेगी। उसका बाकी दो फिल्मों से क्लैश तय है।